# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## ‘IAF ने कितने एयरक्राफ्ट खोए ?’ राहुल गांधी ने उठाए ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल, जयशंकर के बयान का किया हवाला।


Publisher — Published on 17 May 2025




## ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल गांधी का बड़ा सवाल – पाकिस्तान को पहले से क्यों दी सूचना ?

**कांग्रेस सांसद** और **लोकसभा** में विपक्ष के नेता **राहुल गांधी** ने **ऑपरेशन सिंदूर** को लेकर मोदी सरकार पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि इस सैन्य ऑपरेशन के दौरान भारत ने कितने लड़ाकू विमान खोए और पाकिस्तान को पहले से सूचना देने का निर्णय किसने लिया ?

राहुल ने अपने एक्स (Twitter) पोस्ट में लिखा:“हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। इसे किसने अधिकृत किया और इसका नुकसान क्या हुआ ?”

**राहुल गांधी ने शेयर किया एस. जयशंकर का वीडियो, क्या था उसमे ?**
कांग्रेस नेता ने जो वीडियो शेयर किया उसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर कथित रूप से कहते सुनाई दे रहे हैं:“ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर। उनके पास हस्तक्षेप न करने का विकल्प था।”

**PIB फैक्ट चेक का दावा – वीडियो भ्रामक है**
सरकारी फैक्ट चेक एजेंसी PIB ने राहुल गांधी की पोस्ट को भ्रामक बताया है।

पीआईबी ने लिखा:“विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को गलत तरीके से उद्धृत किया जा रहा है। उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान को सूचित किया था।”

राजनीतिक घमासान तेज, विपक्ष-सरकार आमने-सामने
राहुल गांधी ने यह बयान सरकार की सफाई के बाद दिया है।

विपक्ष ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे से जोड़ा है।
सरकार समर्थकों का कहना है कि यह डिफेंस के मनोबल को गिराने की कोशिश है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.